दिनांक 28 मई 2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मोर मकान मोर चिन्हारी के तहत जिन्हें मिला है आवास वह शीघ्र ही जमा करें बकाया किस्त की राशि , मोर मकान मोर आस के तहत जिन्हें चाहिए आवास ऐसे पात्र हितग्राही 10% की राशि जमा कर आबंटन की प्रक्रिया में ले सकते हैं भाग

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आवास आबंटन की प्रक्रिया तेज गति से की जा रही है। इसी कड़ी में मोर मकान मोर चिन्हारी के तहत आवास आबंटन भी किया गया है। लेकिन किस्त की राशि जमा करने में हितग्राही ढिलाई बरत रहे हैं। ऐसे लोगों को जिन्हें मोर मकान मोर चिन्हारी के तहत आवास प्राप्त हो गया है वह अपने बाकी बकाया किस्तों को शीघ्र ही भिलाई निगम में जमा कर दें। इसी प्रकार मोर मकान मोर आस के तहत किराएदारी में निवासरत ऐसे व्यक्ति जिन्होंने निगम में आवेदन कर दिया है और वह पात्रता की श्रेणी में शामिल हो चुके हैं उन्हें आवास आबंटन के लिए तथा लॉटरी की प्रक्रिया में भाग लेने के लिए 10% की राशि निगम में शीघ्र ही जमा करनी होगी। निगम ऐसे हितग्राहियों से अपील करता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शीघ्र ही अपनी आवास से संबंधित राशि निगम में जमा करें और असुविधा से बचें। गौरतलब है कि महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास की पहल से आवास आबंटन की प्रक्रिया में अविलंब कार्यवाही की जा रही है तथा प्रतीक्षारत एवं इच्छुक पात्र लोगों को आवास प्रदाय किया जा रहा है। अब तक आवास आबंटन की बात करें तो मोर मकान मोर चिन्हारी के तहत कुल 513 आवास हितग्राहियों को आवंटित किए जा चुके हैं तथा मोर मकान मोर आस के तहत किराएदारी में निवासरत हितग्राहियों को कुल 620 आवास आवंटित किए जा चुके हैं। समय-समय पर लॉटरी निकाल कर हितग्राहियों को आवास आवंटित किया गया है। मोर मकान मोर चिन्हारी की बात करें तो 9 फरवरी 2018 में 101 हितग्राहियों को, 28 मार्च 2018 में 42 हितग्राहियों को, 8 जनवरी 2019 में 37 हितग्राहियों को, 25 फरवरी 2020 में 16 हितग्राहियों को, 8 फरवरी 2023 में 307 हितग्राहियों को तथा 24 मई 2024 को 10 पात्र हितग्राहियों को इस प्रकार कुल 513 को लॉटरी के माध्यम से आवास आवंटित किया गया है।